# बीडा का होगा विस्तार, 8600 हेक्टेअर और जमीन चिह्नित

## निर्धारित प्रक्रिया पूरी करने के बाद शुरु कर दी जाएगी बैनामों की कार्यवाही

विकास पथ पर
बुंदेलखंड
अमर उजाला अभियान

अमर उजाला ब्यूरो

झांसी। बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) को और विस्तार दिया जा रहा है। दूसरे चरण में 8,600 हेक्टेअर जमीन चिह्नित कर ली गई है। अब तय प्रक्रिया को पूरा कर जमीन के बैनामों की कार्यवाही शुरू करने की तैयारी है। इसके लिए राजस्व विभाग तेजी से जुटा हुआ है।

नोएडा (न्यू ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण) की तर्ज पर झांसी में औद्योगिक शहर बीडा विकसित किया जा रहा है। झांसी सदर तहसील के 33 गांवों की जमीन चिह्नित की गई है। पहले चरण में 14,225 हेक्टेअर जमीन चिह्नित की गई थी, जिसे लेने की प्रक्रिया आठ फरवरी 2024 को शुरू की गई थी। अब तक 5200 हेक्टेअर जमीन ली जा चुकी है।

राजस्व विभाग की ओर से इस जमीन के सभी निजी और सरकारी गाटे चिह्नित करने का काम पूरा कर लिया गया है। जल्द चिह्नित जमीन का गजट प्रकाशन किया जाएगा। इसके लिए आपत्तियां ली जाएंगी। इसके निस्तारण के लिए बाद में ली जाने वाली जमीनों की दरें निर्धारित की जाएंगी।

### 33 गांवों में बस रहा औद्योगिक शहर

झांसी सदर तहसील के गुढ़ा, खजराहा बुजुर्ग, ढिकौली, रमपुरा, सारमऊ, मठ, बसाई, बैदोरा, परासई, मुरारी, किल्चवारा बुजुर्ग, किल्चवारा खुर्द, कोटखेरा, खैरा, गागौनी, इमिलिया, डोमागोर, बछौनी, खजराहा खुर्द, गेवरा, बमेर, कलोथरा, चमरौआ, अमरपुर, पुनावलीकला, अंबाबाय, डगरवाहा, बरुआपुरा, बदनपुर, डोंगरी, राजापुर, सिमरा व बाजना में बीडा विकसित किया जा रहा है।

बीडा के दूसरे चरण के लिए जमीन के सभी गाटे चिह्नित कर लिए गए हैं। जल्द निर्धारित प्रक्रिया को पूरा करने के बाद बैनामे कराए जाएंगे। **- वरुण कुमार पांडेय, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व)**

### डिफेंस कॉरिडोर में बनेंगी चार सड़कें

**झांसी।** जनरल विपिन राव डिफेंस कॉरिडोर में चार नई सड़कें बनवाई जा रही हैं। यूपिडा ने इसका काम भी आरंभ करा दिया है। झांसी में 3025.3480 हेक्टेयर में यह कॉरिडोर विकसित किया गया था। अब इस पूरे हिस्से को जोड़ने के लिए आंतरिक सड़क बनाने का काम कराया जा रहा है। यूपिडा अफसरों के मुताबिक विभिन्न पॉकिट के लिए सड़क बन रही है। इसे कुल 16 किलोमीटर लंबी सड़क से जोड़ा जा रहा है। इसकी चौड़ाई 18 मीटर होगी। चार अलग-अलग पॉकिट में नई सड़कें बनवाई जाएंगी। ब्यूरो